

# नामदेव समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च।** अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली की ग्वालियर इकाई द्वारा समाज को गौरवान्वित करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया किया गया।

श्रीमती नीलम देवेंद्र नामदेव की सुपुत्री कुमारी निधि नामदेव को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त होने पर संस्था के संभागीय अध्यक्ष जेपी नामदेव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इसी अवसर पर श्रीमती बरखा नामदेव को जेसीआई सुरभि ग्वालियर की अध्यक्ष चयनित होने पर समाज द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल एवम प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ललितपुर कॉलोनी लश्कर स्थित कार्यालय में जेपी नामदेव विद्युत मण्डल, राम बिहारी नामदेव, समाज के वयोवृद्ध जेपी नामदेव मुरार, प्रमोद नामदेव, संजय एग्रो, संजय बबीना, संजय कैडबरी, सतीश नामदेव, ओमप्रकाश नामदेव, बसंत नामदेव एवं मातृशक्ति की प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती मंजू नामदेव, संगीता नामदेव, मिथलेश नामदेव, नीलम नामदेव, शारदा नामदेव, द्रोपदी नामदेव, कल्पना नामदेव एवं सुरभि सहित अनेक समाज बन्धु एवं बहनें उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली इकाई ग्वालियर के संभागीय अध्यक्ष जे पी नामदेव एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संस्था के सचिव राम बिहारी नामदेव द्वारा व्यक्त किया गया।

## रिपब्लिकन पार्टी के उपाध्यक्ष आए ग्वालियर

**ग्वालियर।** ग्वालियर प्रवास पर आए रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया दिल्ली के उपाध्यक्ष हर्ष असड़ी ने आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली को लूटा है और बांग्लादेशियों को पनाह दी, अब दिल्ली में जब से रेखा गुप्ता सीएम की कुर्सी पर आई हैं, तब से दिल्ली के हालात सुधर रहे हैं, महिलाओं को बस में फ्री सफर कराया, स्कूली बच्चों को सुविधाएं भी दी हैं। हर्ष असड़ी ने कहा कि उनकी पार्टी के अध्यक्ष रामदास अठावले तीसरी बार मोदी सरकार में केबिनेट मंत्री बने हैं, वह हमेशा से आमजन की सेवा के लिए तैयार रहते है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की रहा पकड़ी है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति भी प्राप्त की है। हर्ष असड़ी एक समाजसेवी भी है जिन्होंने 151 कन्याओं का विवाह भी कराया, उनका कन्यादान किया। इसके साथ ही हर्ष ने 5 बच्चियों की पढ़ाई का सारा खर्च उठाया ऐसे बच्चों को आगे भी सहयोग करते रहेंगे। हर्ष सनातनी सेना से भी जुड़े हैं जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्वालियर के ही भगवती शुक्ला है।

# एफएआर मुद्दे पर ग्वालियर के साथ भेदभाव क्यों ?

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 21 मार्च।** मप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुरार सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात कर केवल ग्वालियर में ही एफ एआर के लिए 1.5 एफएआर से अधिक उपयोग करने पर कलेक्टर गाइड लाइन का 50 प्रतिशत शुल्क नगर निगम को राजस्व के रूप में देने का केवल ग्वालियर में ही प्रावधान रखे जाने की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ग्वालियर में पिछले लगभग तीन वर्षों से एक भी बहुमंजिला भवन को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। 'मास्टर प्लान' में हुई त्रुटियों के कारण लगभग 2000 करोड़ रुपये से अधिक के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट लंबे समय से अटके हुए हैं, जिससे न केवल व्यवसाय प्रभावित हुआ है बल्कि शासन के राजस्व को भी भारी क्षति पहुंच रही है। और आमजन को खुद का घर मिल पाने में बाधा उत्पन्न हो रही है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्वालियर के नवीन 'मास्टर प्लान' 2035 में प्रीमियम एफ ए आर की दर 0.05 के स्थान पर त्रुटिवश 0.50 अंकित हो गई जिसका प्रावधान पूरे मप्र में कहीं नहीं है इस त्रुटि के संज्ञान में लाने के बाद विभाग द्वारा 19 जुलाई 2025 को संशोधन हेत विज्ञापन जारी कर एक माह में आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। विभागीय अभिलेखों के अनुसार इस पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई और नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा यह जानकारी मुख्यालय को प्रेषित कर दी गई, इसके बावजूद 7 माह बीत जाने के बाद भी दरों में संशोधन का अंतिम प्रकाशन नहीं किया गया है। बल्कि नया प्रारूप 25 प्रतिशत शुल्क देने का प्रस्ताव प्रकाशित करवाया गया है जिससे आमजन में भारी नाराजगी है और प्रत्येक व्यक्ति को इस सवाल का जवाब नहीं मिल रहा है कि यह प्रावधान सिर्फ़ ग्वालियर में ही क्यों है ? जबकि इस देरी के कारण ग्वालियर के रियल एस्टेट सेक्टर को हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट प्रारंभ नहीं होने से शहर का समग्र विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि 'ग्वालियर के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, क्रेड़ाई के अध्यक्ष सुदर्शन झवर एवं आशीष प्रताप सिंह राठौर शामिल थे।

## `जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की शहर विकास पर चर्चा

**ग्वालियर 21 मार्च।** जिले में गत रात कुछ गाँवों में ओलावृष्टि की सूचनायें मिलने पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि ओलावृष्टि से प्रभावित सभी गाँवों का तत्परता से सर्वेक्षण कराया जाए। ओलावृष्टि से अगर किसी भी किसान की फसल को हानि पहुँची है तो उसे शासन के प्रावधान अनुसार राहत वितरण की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रभारी मंत्री सिलावट ने शनिवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहर विकास की समीक्षा करते हुए यह बात कही। ग्वालियर विकास की सभी परियोजनाओं को तेजी के साथ पूर्ण करने की बात भी कही। समीक्षा बैठक में नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, आईजी ग्वालियर अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी ग्वालियर अमित सांघी, कलेक्टर रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## पवैया को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर सिंधिया ने दी बधाई


**ग्वालियर 21 मार्च.** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया को राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बधाई दी है. सिंधिया ने कहा कि जयभान सिंह पवैया के समृद्ध अनुभव और दूरदर्शी नेतृत्व से राज्य के वित्तीय सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, ऐसा उन्हें विश्वास है। सिंधिया ने कामना की कि उनके नेतृत्व में आयोग नए मानक स्थापित करे और मध्य प्रदेश के समग्र विकास को गति मिले।

# तत्काल बने फूड लैब एवं अंडरग्राउंड पार्किंग

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुधीर गुप्ता ने प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट को आज शनिवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस पर ज्ञापन सोपकर गंभीर जनसमस्याओं से अवगत कराया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष द्वारा ज्ञापन में मांग की गई कि दक्षिण विधानसभा क्षेत्र एवं ग्वालियर महानगर के विकास की अपेक्षाओं को पूर्ण किया जाए।

**पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुप्ता ने प्रभारी मंत्री को बताई दक्षिण क्षेत्र की समस्याएं**



ज्ञापन पत्र में मांग की गई कि दक्षिण विधानसभा क्षेत्र का एसडीएम और तहसील ऑफिस आमखो पर पुराने 26 नंबर क्वार्टर एंव उससे लगे परिसर मे अतिशीघ्र बनाकर प्रारंभ किया जाए ताकि आम जनमानस को सुविधा मिल सके। दक्षिण विधानसभा में प्रभारी मंत्री के द्वारा निरीक्षण के समय खासगी बाजार खण्डेलवाल धर्मशाला के सामने एवं सुभाष मार्केट के पीछे मेन रोड पर लगे ट्रांसफरों को शिफ्ट करने जीएम नितिन मांगलिक को बोला था, एस्टीमेट तैयार सात माह से है परंतु नगर निगम द्वारा अभी तक उनको मंगा कर भुगतान नहीं किया गया इन्हे शीघ्र शिफ्ट कराया जाए, इसके कारण ट्रेफिक अवरोध है। मोटे गणेश मंदिर चौराहा खासगी बाजार से हेमू कालानी चौक महाराज बाड़ा तक रोड डम्बरीकरण निर्माण कार्य शीघ्र किया जाए, दत्त मंदिर महाराज बाडा के सामने घास बेचने वाली एवं एवं ठेले वालों के कारण पूरे क्षेत्र में यातायात अवरोध होता है, इन्हें तत्काल हाकर्स जोन में भेजा जाए।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुप्ता ने कहा कि ग्वालियर मे फूड लैब का 6 वर्षों से निर्माण चल रहा है। इसका शीघ्र कार्य पूर्ण कराकर प्रारंभ कराई जाए । ग्वालियर की यातायात व्यवस्था पर ट्रैफिक एक्सपर्ट बुलाकर शॉर्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म यातायात प्लान बनाया जाए एवं ई रिक्शा पर सीलिंग लागू की जाए।

उन्होंने प्रभारी मंत्री से मांग की कि महाराज बाड़े पर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए हेरिटेज बिल्डिंगो के अधूरे कार्यों को पूर्ण किया जाए एवं महाराज बाड़ा पर अंडरग्राउंड पार्किंग का निर्माण अति शीघ्र किया जाए। ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी मंत्री ने तत्काल सर्किट हाउस पर नगर निगम कमिश्नर को शीघ्र कार्य कराने निर्देशित किया।

# विधायक प्रीमीयर क्रिकेट लीग की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च।** शहर की सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने के लिये एवं विधायक प्रीमीयर क्रिकेट लीग 2026 की तैयारियों को लेकर न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार की अध्यक्षता में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बाबा साहब की जयंती पर 14 अप्रैल को अम्बेडकर पार्क फूलबाग में प्रात: 9 बजे से प्रसादी का वितरण हर वर्ष की तरह किया जायेगा।



बैठक में जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल को ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों के लिये व्यवस्थापकों की नियुक्ति की गई। सिकरवार ने बताया ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 16 स्थानों पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित है, वहां पर सम्मान, समता भोज का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जाएगा। विधायक डॉ. सिकरवार ने प्रीमीयर क्रिकेट लीग 2026 की तैयारियों को लेकर कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन 1 मई से एम.एल.बी कॉलेज मैदान में किया जायेगा, अभी तक 160 फार्मो का वितरण हो चुका है।

# शिक्षकों ने टीईटी के विरोध में मंत्रियों व सांसदों को सौंपे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च।** मध्यप्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियुक्त तथा 27 सालों से अधिक की नौकरी पूरी कर चुके लाखों शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करने सम्बंधी आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश 02 मार्च 2026 को निरस्त कराने तथा सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में कक्षा 1 से 8 वी तक अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक को शिक्षक पात्रता परीक्षा पर रोक लगाने की माँग को लेकर टीईटी शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा




ग्वालियर के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने वी आई पी सर्किट हाउस मुरार पहुंच कर तुलसी सिलावट को तथा गाँधी रोड ठाठीपुर सांसद बंगला पर भारत सिंह कुशवाह को तथा हारकोटा लश्कर में मंत्री नारायण सिंह कुशवाह को सैकड़ों पीडित शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने टीईटी परीक्षा पर रोक लगाने के सम्बंध में सकारात्मक बात हुई। उन्होंने हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया तथा पाँच सदस्यों की कमेटी के साथ भोपाल में शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप से मुलाक़ात कर समस्या का समाधान कराने की बात कही है। वहीं ग्वालियर के सांसद भारत सिंह कुशवाह ने शिक्षकों की बात केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार तक पहुंचाकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया है ।इसी प्रकार मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री के सामने शिक्षकों की समस्या को रखकर समाधान का रास्ता निकालने की बात कही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मी नारायण जाटव, अरुण प्रताप सिंह, पदम नारायण शर्मा, निरंजन सिंह गुर्जर, अमित उपन्यु, राजेंद्र सिंह गुर्जर ,मानवेंद्र सिंह कौरव, राजेंद्र सिंह राजपूत, शरद कुमार शांडिल्य,राजेंद्र पक्षबार,सहित सैकडों शिक्षक अध्यापक उपस्थित रहे!

# एमआईटीएस के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च।** माधव इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस , डीम्ड यूनिवर्सिटी, ग्वालियर के बी.टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विभाग) के छात्रों के लिए हाल ही में एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण मोंटाज एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर, ग्वालियर में संस्थान के कॉर्पोरेट ऑफिस मानव संस्थान विभाग के अधिकारी रितेश कुमार, आर पी सिंह एवं विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. शुभी कंसल के साझा प्रयास से संपन्न हुआ।

इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को औद्योगिक कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा उत्पादन प्रक्रियाओं से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



भ्रमण के दौरान उद्योग के मालनपुर शाखा के मैनेजर अजय प्रताप सिंह ने छात्रों को विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं, मशीनों के संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण तथा सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का भी समाधान किया और उद्योग में करियर से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. शुभी कंसल एवं डॉ. निधि सक्सेना भी उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और इस भ्रमण को उनके व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें अपने विषय की वास्तविक उपयोगिता समझने का अवसर मिलता है।

# 'कॉलेज के वाइब स्टार' में प्रतिभाओं का धमाल, सौरभ और रोहिणी बने विजेता

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 मार्च.** एमिटी विश्वविद्यालय में एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एवं 94.3 माय एफएम के संयुक्त तत्वाधान में 'कॉलेज के वाइब स्टार' शीर्षक से एक आकर्षक टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। इस टैलेंट हंट में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य,

**एमिटी में आयोजित हुआ टैलेंट हंट प्रोग्राम**

अभिनय, रैप एवं स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध




कर दिया। आयोजन के दौरान संस्थान के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम ने न केवल छात्रों की प्रतिभा को एक मंच प्रदान किया, बल्कि परिसर में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण भी निर्मित किया। संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर एमिटी विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी.के. शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) एवं कुलगुरु प्रो. आर.एस. तोमर ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एवं अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सौरभ कुशवाह (मिस्टर वाइब स्टार) को तथा द्वितीय पुरस्कार रोहिणी शुक्ला (मिस वाइब स्टार) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मध्यप्रदेश से जुड़िए: डॉ. यादव

का विकसित टेक्सटाइल, जेम्स-एंड-ज्वेलरी और मध्यप्रदेश की ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन क्षमता, टेक्सटाइल पार्क एवं मजबूति मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम मिलकर एक सशक्त वैल्यू चैन तैयार कर सकते हैं. मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है. ये परियोजना दोनों राज्यों की तस्वीर और तकदीर बदलेगी. लगभग 1 लाख करोड़ की इस परियोजना में दोनों राज्यों को मात्र 5-5 प्रतिशत राशि देनी होगी. इसकी 90 प्रतिशत लागत भारत सरकार देगी. उन्होंने कहा है कि दोनों राज्यों के बीच रोटी-बेटी का संबंध रहा है और अब पानी का संबंध भी बन गया है.

**ये रहे मौजूद** - कार्यक्रम में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा एमएसएमई के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट डॉ. केएल जैन, इन्सुलेशन एनर्जीस के चेयरमैन मनीष गुप्ता, राजस्थान एंजल्स ग्रुप के चेयरमैन महावीर प्रताप शर्मा, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से पदाधिकारी एनके, ओंकार बागेरिया, एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला सहित प्रमुख उद्योगपति विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संस्था लघु उद्योग भारती की राजस्थान इकाई के सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया.

### सीएनजी कार में आग से...

चनाटोरिया स्थित टोल टैक्स प्लाजा के नजदीक कोहरा होने के कारण कार बहक गई और सड़क से नीचे उतर गई. कार में सवार दो युवकों ने धक्का मारकर धकेलने का प्रयास किया गया. इसी समय कार में आग लग गई और ब्लास्ट हो गया. जैसे-तैसे नीलेश को बाहर निकाला गया. पीछे की सीट पर लेटी पत्नी को निकालते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डॉ. नीलेश सिमरिया चौकी बलेह का निवासी है और गढ़ाकोटा मे निजी क्लीनिक संचालित करता है.

**CHANGE OF NAME**

**I, No. JC552792H Rank- NB/SUB Name- NABA KUMAR SINGHA, Unit of 6 Assam Regt.** R/o- Vill. Borkhal Par Teh. Silchar Dist. Cachar (Assam) Pin-788119 have change my son name from **KH DEBAJIT SINGHA** to **KH DEBOJIT SINGHA** Vide Affidavit No. BX 602218 & Date-19.03.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**CHANGE OF NAME**

**I MANORMA DEVI Mother of No. 14680349W NK JITENDRA KUMAR** Presently residing at Vill-Ramdih Paraiya, Post-Paraiya, Teh- Tekari, Dist-Gaya ,State - Bihar, Pin-824209 have changed my name from **MANORMA DEVI** to **MANORAMA DEVI** Vide Affidavit No. BX 978156 & Date-21.03.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं कविता वलेचा, पिता श्री भागचंद वलेचा, विवाह के पश्चात मेरा नाम प्राची दूदिया पत्नी श्री बलदेव दूदिया हो गया है। मेरे सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में यही नाम अंकित है। अब मैं **प्राची दूदिया पत्नी श्री बलदेव दूदिया** के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूँ।

सूचनाकर्ता :

**प्राची दूदिया पत्नी श्री बलदेव दूदिया**
निवासी D-118-119, विजय नगर, चेतकपुरी, ग्वालियर

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि मैं भारती वलेचा, पिता श्री मोहन लाल वलेचा, विवाह के पश्चात मेरा नाम पूर्वा दूदिया पत्नी श्री सूर्य प्रकाश दूदिया हो गया है। मेरे सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में यही नाम अंकित है। अब मैं **पूर्वा दूदिया पत्नी श्री सूर्य प्रकाश दूदिया** के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूँ।

सूचनाकर्ता :

**पूर्वा दूदिया पत्नी श्री सूर्य प्रकाश दूदिया**
निवासी D-118-119, विजय नगर, चेतकपुरी, ग्वालियर

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

**I, DAYANIDHI PRADHAN is legally FATHER of No. 4289933K Rank - NK Name - BIJAYA PRADHAN** Presently residing at village and Post- Kurumbakatara Dist. Nayagarh state-Odisha Pin 752081 have changed my Date of Birth From- **01.01.1960 to 25.03.1965** Vide Affidavit No. BX 492061& Date- 14.03.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

**I, LALTI DEVI (Existing name) of mother as per NOK is legally mother of No 4293388H Rank-NK Name- MUKESH KUMAR** Presently residing at village- New Tola Pehleza Post Pehleza Dist- Rohtas State- Bihar Pin-821305 have changed my **Date of Birth** from **12.02.1971** to **01.02.1967** Vide Affidavit No. BX 198219 & Date- 18.02.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**CHANGE OF NAME & D.O.B.**

**I, BILAS PRADHAN is legally Mother of No. 4289933K Rank- NK Name- BIJAYA PRADHAN** Presently residing at village and Post- Kurumbakatara Dist. Nayagarh state-Odisha Pin 752081have changed my name from **BILASH PRADHAN** to **BILAS PRADHAN & Date of Birth** From- **01.01.1966** to **17.02.1971** Vide Affidavit No. BX 492060 & Date- 14.03.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

**I, MAHENDRA SINGH (Existing name) of father NOK is legally father of No. 4293388H Rank-NK Name- MUKESH KUMAR** Presently residing at village - New Tola Pehleza Post Pehleza Dist- Rohtas State- Bihar Pin-821305 have changed my **Date of Birth** from **06.01.1968** to **01.01.1965** Vide Affidavit No. BX 198220 & Date- 18.02.2026 before District Court Gwalior (M.P.)

**आम सूचना**

आप जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार AU SMALL FINANCE BANK, CITY CENTRE BRANCH, GWALIOR (M.P.) के द्वारा अचल संपत्ति स्थित फ्लैट/ अपार्टमेंट क्रमांक: 124, फर्स्ट फ्लोर, ब्लॉक क्रमांक : B- 6, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग ग्रीन पार्क, ग्राम डोंगरपुर, सर्वे क्रमांक: 20/2, 20/3, 32 (Min), 33 (min) का भाग, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.), कुल क्षेत्रफल 7170 वर्गमीटर, B.U.A. 87.00 वर्गमीटर है श्रीमती शोभा गुप्ता पत्नी स्व. श्री अशोक गुप्ता एवं श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री अशोक गुप्ता निवासीगण : B-6, 124, B-6/24, ग्रीन पार्क के स्वत्व, स्वामित्व की संपत्ति है जो कि नगर पालिका संपत्ति कर रसीद में श्रीमती शोभा गुप्ता एवं श्री अमित गुप्ता के नाम से नामांतरण प्रकरण क्रमांक: 8585/2025, आदेश दिनांक: 29-07-2025 से निमंत्रित है। यह कि, उक्त वर्णित संपत्ति श्रीमती शोभा गुप्ता को अपने पति श्री अशोक गुप्ता की मृत्यु पश्चात एवं श्री अमित गुप्ता को अपने पिता श्री अशोक गुप्ता की मृत्यु के पश्चात बतौर उत्तराधिकारी प्राप्त हुई थी। यह कि, उक्त वर्णित संपत्ति श्री अशोक गुप्ता पुत्र स्व. श्री श्यामलाल गुप्ता निवासी: HIG-15, श्रीमंत माधवराव सिन्धिया एन्क्लेव, थाटीपुर, ग्वालियर, (म.प्र.) ने जरिये पंजीकृत्य विक्रय पत्र क्रमांक 2830, दिनांक: 15-12-2014 से मैस्सेर्स जी.एल.आर. रीयल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड थ्रू ऑथोराइज्ड सिगनटोरी श्री एन.आर. शारदा पुत्र स्व. श्री बी.एल. शारदा पंजीकृत कार्यालय: D-2, सिल्वर एस्टेट, यूनिवर्सिटी रोड, ग्वालियर (म.प्र.) से क्रय कर प्राप्त की थी। अतः जिस किसी भी व्यक्ति को श्रीमती शोभा गुप्ता एवं श्री अमित गुप्ता के स्वत्व, स्वामित्व पर हस्तक्षेप हो या स्व. श्री अशोक गुप्ता के वारिसान/उत्तराधिकारी होने का दवा करता हो तो स्वयं मेरे कार्यालय या AU SMALL FINANCE BANK पर उपस्थित होकर आज दिनांक : 22-03-2026 से सात दिन के अंदर अपना हस्तक्षेप या दावा दर्ज कराएं। उक्त मियाद पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति उपरोक्त वर्णित बैंक में साम्य बंधकीत की जावेगी सो सूचित हो, तत्पश्चात आपका हस्तक्षेप या दावा अस्वीकार्य एवं अमान्य होगा।
दिनांक 21/03/2026

प्रेषक: **संस्कार शर्मा** (अधिवक्ता)
मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर
कार्यालय:5-B सतीश निवास, अशोक कॉलोनी, खासगी बाज़ार, लश्कर ग्वालियर, (म.प्र.) मो. 9074602044

**आम सूचना**

श्रीमती किरन तिवारी पत्नी श्री भगवतशरण तिवारी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित नानक नगर, ग्राम बुजुर्ग, तहसील डबरा व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद डबरा वार्ड क्र.14 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.186/1/1/1, 186/2/1 एवं 187 ग्राम बुजुर्ग का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 720 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि श्री रामेन्द्र श्रीवास्तव, पश्चिम में-भूखण्ड विक्रेता, उत्तर में - रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री बलराम कुशवाह है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रविन्द्र एवं श्री नीरज कुमार पुत्रगण श्री रामरतन श्रीवास्तव के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री रविन्द्र श्रीवास्तव द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.1300 हैक्टेयर एरिया श्रीमती किरन तिवारी पत्नी श्री भगवतशरण तिवारी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142582021ए1853754 दिनांक 08.10.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती किरन तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती प्रवेश गुर्जर पत्नी श्री रामेन्द्र गुर्जर के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है । श्रीमती प्रवेश गुर्जर द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710